जय सनातन




राष्ट्रहित सर्वोपरि



जय सनातन

रासपा
राष्ट्रीय सनातन पार्टी

# राष्ट्रीय सनातन पार्टी

पंजीकृत कार्यालय: म. न. 108-ए, भूतल, खसरा नंबर 60, 30 फूटा रोड,
नया सभापुर गुजरान, करावल नगर, दिल्ली-110090
www.rashtriyasanatanparty.org , E-mail: rashtriyasanatanparty@gmail.com

रासपा
राष्ट्रीय सनातन पार्टी

पत्रांक 214 दिनांक 30/06/2026

सेवा में,
श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार

**विषय: भारतीय संस्कृति, परिवार संस्था एवं सामाजिक मूल्यों की रक्षा हेतु आवश्यक विधिक एवं नीतिगत सुधार किए जाने के संबंध में ज्ञापन।**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि राष्ट्रीय सनातन पार्टी भारत की सनातन सांस्कृतिक परंपराओं, पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक मर्यादाओं तथा राष्ट्रहित की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है। पार्टी का मत है कि भारतीय समाज की स्थिरता, नैतिकता एवं सांस्कृतिक निरंतरता का मूल आधार परिवार संस्था तथा विवाह संस्कार है।

राष्ट्रीय सनातन पार्टी यह मानती है कि वर्तमान समय में कुछ सामाजिक प्रवृत्तियाँ भारतीय पारिवारिक व्यवस्था, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सांस्कृतिक मूल्यों के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न कर रही हैं। अतः पार्टी निम्नलिखित विषयों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से आवश्यक विधिक एवं नीतिगत सुधार करने का अनुरोध करती है।

राष्ट्रीय सनातन पार्टी की प्रमुख मांगें

1. भारतीय संस्कृति में विवाह को एक पवित्र संस्कार एवं परिवार निर्माण की आधारशिला मानते हुए विवाह संस्था के संरक्षण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु एक व्यापक राष्ट्रीय नीति बनाई जाए।

2. युवाओं में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक उत्तरदायित्व, वैवाहिक जीवन, मातृत्व-पितृत्व एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जाए।

3. लिव-इन रिलेशनशिप से संबंधित वर्तमान कानूनी एवं नीतिगत व्यवस्था की व्यापक समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय समिति अथवा आयोग का गठन किया जाए तथा विवाह संस्था को सर्वोच्च सामाजिक एवं कानूनी संरक्षण प्रदान करने के उपाय किए जाएँ।

4. विवाहेत्तर संबंधों के कारण परिवारों के विघटन, बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा सामाजिक अस्थिरता के विषय में राष्ट्रीय विमर्श आयोजित किया जाए तथा परिवार संरक्षण संबंधी कानूनों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

**पेज 2 पर जारी...**

5. समलैंगिक संबंधों एवं उनसे संबंधित विधिक व्यवस्थाओं पर निर्णय लेते समय भारतीय सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को समुचित महत्व दिया जाए तथा इस विषय पर व्यापक जन-परामर्श आयोजित किया जाए।

6. विवाह संबंधी कानूनों की समीक्षा करते हुए माता-पिता, अभिभावकों एवं परिवार की भूमिका को सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार किया जाए तथा विवाह पूर्व पारिवारिक परामर्श व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाए।

7. विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में भारतीय संस्कृति, पारिवारिक जीवन, चरित्र निर्माण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित नैतिक शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाए।

8. भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं परिवार संस्था के संरक्षण के लिए एक राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मूल्य आयोग के गठन पर विचार किया जाए।

9. हाल के वर्षों में विवाह-पूर्व शारीरिक संबंधों के संबंध में सार्वजनिक विमर्श के दौरान उत्पन्न सामाजिक चिंताओं को ध्यान में रखते हुए विवाह संस्था, पारिवारिक मूल्यों एवं सामाजिक मर्यादाओं के संरक्षण हेतु आवश्यक नीतिगत पहल की जाए।

राष्ट्रीय सनातन पार्टी का मत

राष्ट्रीय सनातन पार्टी भारत के संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं न्यायपालिका का पूर्ण सम्मान करती है। तथापि हमारा मानना है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के मध्य संतुलन बनाए रखना किसी भी सभ्य समाज की आवश्यकता है। भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं, पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक संरचना को सुरक्षित रखना राष्ट्रहित में अत्यंत आवश्यक है।

अतः माननीय प्रधानमंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि उपर्युक्त विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आवश्यक विधिक, नीतिगत एवं प्रशासनिक कदम उठाने की कृपा करें, जिससे भारतीय संस्कृति, परिवार संस्था एवं सामाजिक मूल्यों का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित हो सके।

आपकी सकारात्मक पहल की अपेक्षा के साथ।

सादर,

अनंत

VISHWAJEET SINGH ANANT
PRESIDENT
RASHTRIYA SANATAN PARTY
H. No. 108-A, GF, Kh. No. 60,
30 Foota Road, New Sabhapur, Gujran
Karawal Nagar, Delhi- 110090

विश्वजीत सिंह अनंत
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय सनातन पार्टी
मोबाइल नं 9412458954
ईमेल : rashtriyasanatanparty@gmail.com